<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने तीस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में श्री रामलला का किया दर्शन पूजन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– मॉरिशस के प्रधानमंत्री का यह दौरा दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतीक।
- सी. पी. राधाकृष्णन ने भारत के पन्द्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में ली शपथ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीं शुभकामनाएं।
- केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कल लखनऊ में सहकारिता विभाग के एम–पैक्स सदस्यता महाअभियान का किया शुभारंभ।
- यूपीआई पर व्यक्ति से व्यापारी लेन–देन की सीमा बढ़कर हुयी दस लाख रूपये प्रतिदिन। पन्द्रह सितम्बर से लागू होगा बदलाव।

**********

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने पत्नी वीना रामगुलाम और करीब 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ कल अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन पूजन कर दोनों देशों के रिश्तों की मजबूती का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री का यह दौरा भारत और मॉरीशस के बीच सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतीक है। एक रिपोर्ट'

***मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम ने सबसे पहले भगवान श्रीराम के मंदिर में पत्नी के साथ विधि–विधान से दर्शन–पूजन कर लोक कल्याण की कामना की। उन्होंने श्री रामलला की आरती उतारी और करीब आधा घंटे तक परिसर में रहकर मंदिर निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इससे पूर्व महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान ढोल–नगाड़ों और शंखनाद की गूंज ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। अयोध्या में प्रधानमंत्री के आगमन पर तगड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। एयरपोर्ट से लेकर मंदिर तक चप्पे–चप्पेपर पुलिस व सुरक्षा बल तैनात थे। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

इससे पूर्व तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम ने कल वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ दरबार में दर्शन पूजन कर पावन ज्योर्तिलिंग का अभिषेक किया।

वाराणसी दौरे को लेकर मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ आए शिष्टमंडल ने सरकार और काशीवासियों का धन्यवाद किया। मॉरीशस के वित्तीय सेवाओं की मंत्री ज्योति जीतुन ने वाराणसी दौरे को यादगार बताया।

***वाराणसी का जो स्वागत था वो एकदम से एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी था यहाँ के लोग यहाँ के गवर्नमेंट यहाँ के सभी को हमारे दिल छू गये गंगा आरती किया वो तो एकदम ओंस इन आ लाइफ टाइम एक्सपीरियंस है।***

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के पन्द्रहवें उपराष्ट्रपति चुने गये सी.पी. राधाकृष्णन को कल राष्ट्रपति भवन में पद की शपथ दिलायी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति को जनता की सेवा समर्पित सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री राधाकृष्णन समर्पित लोक सेवक हैं और उन्होंने पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण, सामाजिक कार्य और लोकतंत्र को मजबूत करने में समर्पित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्री राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राधाकृष्णन के नेतृत्व में लोकतंत्र की मर्यादा, संवाद की संस्कृति और राष्ट्रहित का संकल्प और अधिक मजबूत होगा तथा भारत की गौरवपूर्ण यात्रा को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

**********

केंद्रीय नागरिक उड्डयन और सहकारिता राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने कल लखनऊ में प्रदेश के सहकारिता विभाग के एम–पैक्स सदस्यता महाअभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के संदर्भ में, 2025 को सहकारिता समितियों के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने सहकारिता सदस्यता अभियान को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सक्षम बनाए जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

***यह अभियान शुरू हुआ एक महीना आगे चलेगा। हम वैश्विक स्तर पर देखें तो चौथी अर्थव्यवस्था बनी है। हमें आगे जाना है तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था सक्षम बनाने का हमें प्रयास करना चाहिए। इसलिए माननीय मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सहकारिता मंत्रालय यह बहुत अच्छा प्रयास चल रहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था सक्षम बनाई जाए।***

उधर, केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री के साथ सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में अध्ययन, अध्यापन और सोच को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना करने का विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया।

**********

प्रदेश में आगामी सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश सरकार राज्य में पन्द्रह लाख पौधरोपण कराएगी। प्रमुख सचिव वन और पर्यावरण अनिल कुमार ने बताया कि सभी पचहत्तर जनपदों में जनसहभागिता के माध्यम से पौधरोपण कराने के लिए प्रभागीय वनाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। एक रिपोर्ट–

***सेवा पर्व के दौरान देश में 1.25 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसमें से राज्य सरकार ने प्रदेश में 15 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। पौधरोपण महाभियान के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया किसेवा पर्व के शुभारंभ पर उत्तर प्रदेश के 34 नगरवन–वाटिका में कम से कम 100–100पौधे लगाना अनिवार्य है। इस दौरान पौधरोपण के अलावा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान, वर्षाजल संचयन समेत अनेक अभियान भी चलाए जाएंगे। हर जनपद में प्रभागीय वनाधिकारी इसके नोडल अफसर होंगे। जिला स्तर पर विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत को लेकर प्रबुद्ध वर्ग संवाद में वन–वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता जैसे विषयों पर डीएफओ प्रतिभाग भी करेंगे। आयोजन को लेकर वन विभाग की तरफ से व्यापक तैयारी की जा रही है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस–यूपीआई पर व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन की सीमा बढ़ाकर दस लाख रुपये प्रतिदिन कर दी है। यह बदलाव पन्द्रह सितंबर से लागू होगा। खरीदारी के लिए बड़े डिजिटल भुगतानों को आसान और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों का जीवन सरल बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम करने को अपनी मंजूरी दे दी। कर मुक्त हुयी वस्तुओं पर एक रिपोर्ट–

***जीएसटी सुधारो के अंतर्गत सरकार ने कई आवश्यक वस्तुओं को कर मुक्तकर आम आदमी पर पड़ने वाले जीएसटी के बोझ को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नए कर ढांचे के तहत रोजमर्रा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुएं जैसे अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, बिना ब्रांड वाले चावल, गेहूं और दलों को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा सभी प्रकार के ब्रेड को भी निल जीएसटी स्लैब में रखा गया है जिससे वह लोगों के लिए और भी अधिक किफायती हो गई हैं। लोगों पर कर के बोझ को कम करने और प्रीमियम को अधिककिफायती बनाने के लिए नए ढांचे के तहत जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को भीटैक्स से मुक्त किया गया है। यह निर्णय लोगों को स्वास्थ्य बीमा को व्यापक रूप सेअपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। देश भर के लोगों द्वारा भी सरकार के इस निर्णयका स्वागत किया जा रहा है। मीडिया से बातचीत में एक आम नागरिक निमिष जैन ने कहा किसरकार ने त्योहारों के सीजन से पहले टैक्स घटाकर लोगों को एक बड़ा तोहफा दिया है। नई जीएसटी दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

नेपाल में जारी संकट के मद्देनज़र सीमा से लगे प्रदेश के सभी जिलों में हाई अलर्ट जारी है। सीमावर्ती ज़िलों में बॉर्डर पर आवाजाही रोक दी गई है। पीलीभीत में एसएसबी, पीएसी और पुलिस की संयुक्त टीम कानून–व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिये पेट्रोलिंग कर रही है। सरकार ने भारतीय नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा न करने की सलाह दी है।

**********

रुक–रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां अभी भी उफान पर हैं। गाजीपुर और बलिया में गंगा, मथुरा और इटावा में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। प्रदेश के उन्तीस जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है।

**********